महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर-273007 (उ.प्र.)

सेवा पथ

मासिक ई-पत्रिका

वर्ष – 1
अंक – 5
दिसम्बर, 2023

प्रकाशक

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर

coordinator.nss@mgug.ac.in
mguniversitygkp@mgug.ac.in
www.mgug.ac.in

सम्पादक

डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

सहायक आचार्य

सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

सम्पादक मण्डल

डॉ. विकाश कुमार यादव

सहायक आचार्य

कृषि संकाय

डॉ. हरी कृष्ण

सहायक आचार्य

कृषि संकाय

डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव

सहायक आचार्य

सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

ग्राफिक्स एवं डिजाइन

श्री शारदानन्द पाण्डेय

राष्ट्रीय सेवा योजना

विश्वविद्यालय संगठन

कुलपति : मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई
कुलसचिव : डॉ. प्रदीप कुमार राव
कार्यक्रम समन्वयक : डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

इकाई एवं कार्यक्रम अधिकारी

इकाई सं0	इकाई कोड	इकाई का नाम	कार्यक्रम अधिकारी का नाम
1	UP-80/001/23/001	पारिजात इकाई	डॉ. विकाश कुमार यादव
2	UP-80/002/23/101	अष्टवक्र इकाई	,,,,,,,
3	UP-80/003/23/201	आर्यभट्ट इकाई	श्री धनन्जय पाण्डेय
4	UP-80/004/23/301	माता सबरी इकाई	.....
5	UP-80/005/23/401	नचिकेता इकाई	सुश्री सुप्रिया गुप्ता
6	UP-80/006/23/501	माता अनुसूइया इकाई	.....
7	UP-80/007/23/601	गार्गी इकाई	.....
8	UP-80/008/23/701	मैत्रयी इकाई	.....

राष्ट्रीय कैडेट कोर

101 यू.पी. एन.सी.सी. बटालियन, गोरखपुर

केयर टेकर ऑफिसर : डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव
एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर : डॉ. हरी कृष्ण

‘सेवा पथ’

‘सेवा पथ’ एक मासिक ई–पत्रिका है, जिसका प्रकाशन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित **‘राष्ट्रीय सेवा योजना’** एवं **‘राष्ट्रीय कैडट कोर’** के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय के बाहर दिए जा रहे योगदान, सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों इत्यादि का संकलन किया गया है। **‘सेवा पथ’** मासिक ई–पत्रिका का **प्रथम संस्करण** माह **अगस्त 2023** में प्रकाशित किया गया था, जिसमें केवल **‘राष्ट्रीय सेवा योजना’** द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो एवं क्रियाकलापों को संकलन किया गया था। किन्तु आगे की कड़ी में बढ़ते हुए इस माह की मासिक ई–पात्रिक के **‘चतुर्थ संस्करण’** में राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ–साथ राष्ट्रीय कैडट कोर की इकाई के द्वारा किए जा रहे गतिविधियों को भी शामिल किया जा रहा है।

इस मासिक ई–पत्रिका का नाम **‘सेवा पथ’** शब्द सामाजिक सेवा और सामाजिक उत्कृष्टता की प्रवृत्ति की ओर केन्द्रित है। यह एक व्यक्ति या समूह का उद्दीपन करता है जो समाज में सेवा करने के लिए समर्पित है। **‘सेवा पथ’** का आशय है कि व्यक्ति या समूह अपने कौशल, समर्पण की भावना से समाज की सेवा करें व दूसरों को भी सेवा करने के लिए उद्दीपित करता है। व्यक्ति या समूह जो सेवा पथ पर होता है, वे सामाजिक समस्याओं की पहचान करने के साथ–साथ समाधान ढूंढने और उन्हें सुलझाने में योगदान करता है। सामाजिक सेवा के माध्यम से, सेवा पथ से जुड़े व्यक्ति या समूह समृद्धि, समर्पण और सामाजिक न्याय की ओर प्रबल कदम बढ़ाता है।

इस तरह **‘सेवा पथ’** एक मार्गदर्शक शब्द है जो सेवा और समृद्धि की दिशा में अग्रसर होने के लिए सभी को प्रेरित करता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना एक नजर में...

भारत में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा छात्रों का प्रथम कर्तव्य उनके अध्ययन की अवधि को केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर स्वयं को ऐसे व्यक्तियों की सेवा में समर्पित करना है जिन्हें राष्ट्र की वस्तुओं और सेवाओं की आवश्यकता हो और उन्हें हमारे देश की आवश्यक वस्तुएं प्रदान की जा सके, जो कि समाज के लिए अतिआवश्यक है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में स्वैच्छिक आधार पर शैक्षिक संस्थाओं में **''राष्ट्रीय सेवा''** आरम्भ करने की सिफारिश की गयी थी। सन् 1959 में शिक्षा मंत्री के सम्मेलन के समक्ष योजना का एक मसौदा रखा गया। इस दिशा में सटीक सुझाव देने के लिए **28 अगस्त, 1959** को **डॉ. सी. डी. देशमुख** की अध्यक्षता में एक **''राष्ट्रीय सेवा समिति''** का गठन किया गया।

सन् 1960 में भारत सरकार की पहलता पर प्रो. के.जी. सैय्यदेन ने विश्व के कई देशों में छात्रों द्वारा क्रियान्वित **''राष्ट्रीय सेवा''** का अध्ययन किया और कई सिफारिशों के साथ सरकार को युवाओं के लिए **''राष्ट्रीय सेवा''** शीर्षक के तहत अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. डी.एस. कोठारी (1964–66) की अध्यक्षता में शिक्षा आयोग ने यह सिफारिश दी की शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्रों को सामाजिक सेवा के किसी रूप से जोड़ा जाना चाहिए। इस पर अप्रैल, 1967 में राज्य शिक्षा मंत्री द्वारा उनके सम्मेलन के दौरान विचार किया गया की **''राष्ट्रीय सेवा योजना''** (एन.एस.एस.) नामक एक नया कार्यक्रम प्रदान किया जा सकता है। सितम्बर, 1969 में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के सम्मेलन में इस सिफारिश का स्वागत किया गया।

मई. 1969 में शिक्षा मंत्रालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थाओं के छात्र प्रतिनिधियों के सम्मेलन में घोषणा की गई कि **''राष्ट्रीय सेवा योजना''** राष्ट्रीय एकता के लिए सशक्त माध्यम हो सकती है। 24 सितम्बर, 1969 को तत्कालीन शिक्षामंत्री डॉ. वी.के. आर.वी. राव ने सभी राज्यों को शामिल करते हुए 37 विश्वविद्यालयों में **''राष्ट्रीय सेवा योजना''** (एन.एस.एस.) कार्यक्रम आरंभ किया। जिसका प्रथम उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना ही नही अपितु **'सेवा के माध्यम से शिक्षा देना'** ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है।

आज राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व भर में राष्ट्रीय विकास, सेवा, शांति, राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने वाले छात्र समूह की सबसे बड़े रचनात्मक संगठन के रूप में हमारे सामने है। राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपने गौरवशाली वर्षों में युवा जागरुकता, राष्ट्र निर्माण और विश्व शांति के लिए अनेकानेक कार्यक्रमों के साथ अपनी पहचान बनाई है। ऐसे महान संगठन में आपका स्वागत है।

आइए! हम सब मिलकर एक समृद्ध राष्ट्र, एक विकसित राष्ट्र, एक जागृत राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

जय हिंद, जय भारत।

कार्ययोजना

राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान कर उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में सवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना से प्राप्त प्रमाण–पत्र स्वयं सेवकों के अच्छे भविष्य के निर्माण में सहायक हैं। विद्यार्थी शासकीय तथा गैर शासकीय सेवाओं में इन प्रमाण–पत्रों का प्रयोग कर सकते हैं। उच्चतर कक्षाओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के समय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण–पत्र धारक छात्रों को अतिरिक्त बोनस अंक भी दिये जाते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दो प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन होते हैं :–

1. सामान्य कार्यक्रम 2. विशेष शिविर कार्यक्रम

1.सामान्य कार्यक्रम :–

सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत **'राष्ट्रीय सेवा योजना'** में पंजीकृत प्रत्येक विद्यार्थी को स्वयं सेवक के रूप में एक वर्ष में कम से कम 120 घंटे का समाज सेवा कार्य करना पड़ता है और दो वर्ष की अवधि में अर्थात् 240 घंटे का समाज सेवा कार्य पूरा करने पर उसे विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से प्रमाण पत्र दिया जाता है।

2. विशेष शिविर कार्यक्रमः–

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रत्येक इकाई द्वारा वर्ष में एक दस दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर विश्वविद्यालय महाविद्यालय के निकट किसी ग्राम में लगाया जाता है। विशेष शिविर में शिविर अनुभव भी अपना एक विशेष महत्व रखता है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी शिविर जीवन का अनुभव प्राप्त करते हैं तथा एक अच्छे नागरिक के कर्त्तव्य का पालन एवं समाज के लिए वे क्या सेवा कर सकते हैं इसका ज्ञान प्राप्त करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं स्त्रोतों और कुशल व्यक्तियों को देखते हुए विविध प्रकार के कार्यक्रम अभिग्रहित क्षेत्रों में लिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थीगण अन्य क्षेत्रों में भी कार्य के लिए स्वतंत्र होंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ होती हैं–

- शिक्षा एवं मनोरंजन इसके अन्तर्गत साक्षरता, स्कूली शिक्षा पाठशाला छोड़ने वाले बच्चों की शिक्षा बालगृहों में कार्यशाला प्रवेश कार्यक्रम सांस्कृतिक गतिविधियाँ ग्रामीण एवं देशी खेलकूद सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन पर चर्चाएं एवं जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य है।

- आपातकाल के कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रमुख रूप से लोगों को उनकी असहायता पर काबू पाने योग्य बनाने के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करने सम्बन्धी कार्यक्रमों पर जोर देना चाहिए। इसके अलावा प्राकृतिक विपदाओं जैसे– भूकम्प, बाढ, तूफान आदि के आने पर सहायता और पुन्रर्वास कार्यो में स्थानीय लोगों अधिकारियों संस्थाओं को सहयोग देना प्रमुख हैं।

- पर्यावरण संवर्धन एवं परिक्षण ऐतिहासिक स्मारकों पुरावशेषों व अन्य सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं उनके प्रति चेतना पैदा करना पर्यावरण के प्रति समाज में चेतना जागृत करना वृक्षारोपण उनका बचाव और अनुरक्षण स्वच्छता के लिए सड़कों गलियों नालियों तालाबों पोखरों कुओं आदि की सफाई भूमि क्षरण की रोकथाम तथा भूमि सुधार गोबर गैस संयत्र सौर ऊर्जा के प्रयोग का प्रचार करना।

- स्वास्थ्य, परिवार, कल्याण और आहार पोषण कार्यक्रम, टीकाकरण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य की देखभाल जनसंख्या शिक्षा और परिवार कल्याण रोगियों अनाथों वृद्धों की सहायता स्वच्छ पेयजल के प्रदाय की व्यवस्था एकीकृत बाल विकास तथा पौष्टिक आहार कार्यक्रमों का संचालन करना।

- महिलाओं के स्तर सुधार के कार्यक्रम महिलाओं की शिक्षा तथा उन्हें अपने संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत करना उनके सशक्तीकरण के उपाय सुझाना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम संचालित करना।

- उत्पादनोन्मुखी कार्यक्रम उन्नत कृषि के तरीकों की जानकारी कीट व खरपतवार नियंत्रण भूमि परिक्षण एवं उपजाऊपन की देखभाल कृषि यंत्रों की देखभाल सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण और उनके प्रोत्साहन के लिए फार्म पशु पालन कुक्कुट पालन पशु स्वास्थ्य के बारे में सहायता एवं मार्गदर्शन कृषि तकनीकों के प्रयोग के प्रति जागरूकता पैदा करना आदि।

- अन्य गतिविधियाँ जो स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के आधार पर की जाएँ।

राष्ट्रीय कैडेट कोर

एनसीसी देश की सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस है। अकादमिक स्तर पर विद्यार्थियों को सैन्य प्रशिक्षण देकर राष्ट्र संकल्प की प्रेरणा देता है। एन.सी.सी. का लक्ष्य युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना तथा स्वयं सेवा के आदर्शों को विकसित करना है। साथ ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण में युवाओं में नेतृत्व गुणों का विकास करना है। राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर की यूनिट जुलाई 2023 में अनुशंसित हुई। कड़ी चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 102 यूपी बटालियन एनसीसी गोरखपुर के प्रथम सत्र में 36 कैडेट्स का चयन किया गया। कुशल संचालन के लिए ए.एन.ओ. डॉ. हरी कृष्ण एवं सी.टी.ओ. डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव को कैडेट्स के प्रशिक्षण एवं विविध गतिविधियों के संचालन का दायित्व प्रदान किया गया है जिनके कुशल मार्गदर्शन कैडेट्स सैन्य प्रशिक्षण का अभ्यास कर रहे हैं ।

कैडेट्स राष्ट्रीय कैडेट्स कोर के मूल संकल्प एकता और अनुशासन के साथ अखंड भारत के संकल्प को पूर्ण करने का सौभाग्य ग्रहण कर रहे है। राष्ट्रीय कैडेट कोर ने स्कूली शिक्षा से विद्यार्थियों को सैन्य सेवा के लिए तैयार करने का चुनौती पूर्ण कार्य किया है। एनसीसी का अहम लक्ष्य शिक्षा के साथ युवाओं को सैन्य अनुशासन का अभ्यास कराके देश की रक्षार्थ प्रेरणा देना है।

राष्ट्रीय कैडेट कोर एक दृष्टि में...

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) भारतीय सैन्य कैडेट कोर है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह एक स्वैच्छिक संस्था है जो पूरे भारत के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से कैडेटों की भर्ती करती है। कैडेटों को परेड एवं छोटे हथियार चलाने का बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। अधिकारियों और कैडेटों को पाठ्यक्रम पूरा करने पर सक्रिय सैन्य सेवा में जाने की कोई बाध्यता नहीं होती है, किन्तु एनसीसी के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर उन्हें चयन के समय सामान्य अभ्यर्थियों की अपेक्षा वरीयता दी जाती है।

राष्ट्रीय कैडेट कोर का इतिहास

राष्ट्रीय कैडेट कोर थल सेना, नौसेना और वायुसेना के सम्मिलन वाला एक त्रिसेवा संगठन है जो देश के युवाओं को संवार कर अनुशासित और देशभक्त नागरिकों में ढाल देता है। एनसीसी की उत्पत्ति को यूनिवर्सिटी कोर के साथ जोड़ा जा सकता है जिसकी स्थापना भारतीय रक्षा अधिनियम 1917 के तहत थल सेना में सैनिकों की कमी को पूरा करने के लिए की गई थी। 1920 में जब भारतीय प्रादेशिक अधिनियम पारित किया गया तो इस यूनिवर्सिटी कोर को यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग कोर (UTC) में बदल दिया गया। इसका उद्देश्य यूटीसी की स्थिति सुधारना और इसे युवाओं के लिए अधिक आकर्षक बनाना था। यूटीसी अधिकारी और कैडेट सेना जैसी वर्दी पहनते थे। यह सशस्त्र सेनाओं के भारतीयकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। 1942 में यूटीसी का नाम बदलकर यूनिवर्सिटी ऑफिसर्स ट्रेनिंग कोर (UOTC) रखा गया।

एनसीसी भारत में नेशनल कैडेट कोर एक्ट, 1948 द्वारा गठित किया गया। इसकी स्थापना 15 जुलाई, 1948 को हुई। एनसीसी को यूओटीसी का उत्तराधिकारी माना जा सकता है जिसकी स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 1942 में की गई थी। स्वतंत्र भारत में युद्ध और शांति के समय युवाओं को सैन्य अकादमिक

प्रशिक्षण देकर राष्ट्र सेवा के लिए संकल्पित करना था। पंडित हृदयनाथ कुंजरू की अध्यक्षता में स्कूलों व कॉलेजों में राष्ट्रीय स्तर के एक कैडेट संगठन की स्थापना की सिफारिश की। 15 जुलाई, 1948 को राष्ट्रीय कैडेट कोर एक्ट गवर्नर जनरल द्वारा स्वीकार कर लिया गया और इसके साथ ही राष्ट्रीय कैडेट कोर अस्तित्व में आया।

पाकिस्तान के साथ 1965 और 1971 के युद्धों में एनसीसी कैडेट रक्षा की दूसरी पंक्ति में थे। उन्होंने आयुध निर्माणियों की मदद के लिए शिविर आयोजित किये, युद्धस्थल पर हथियार और गोला–बारूद पहुँचाए और शत्रु सेना के पैराट्रूपर्स को पकड़ने वाले गश्ती दलों की तरह कार्य किया। एनसीसी कैडेटों ने नागरिक सुरक्षा अधिकारियों के साथ कधे से कंधा मिलाकर कार्य किया और सक्रिय रूप से बचाव कार्य और यातायात नियंत्रण में भाग लिया। 1965 और 1971 के भारत.पाक युद्धों के पश्चात एनसीसी के पाठ्यक्रम में संशोधन किये गए। केवल रक्षा की द्वितीय पंक्ति होने के बजाय अब इसमें नेतृत्व के गुणों और अधिकारियों जैसे गुणों के विकास पर अधिक बल दिया जाने लगा।

कोर की शुरुआत वरिष्ठ वर्ग के 32.500 और कनिष्ठ वर्ग के 1,35,000 कैडेटों के साथ हुई थी। तब से यह बहुत तेजी से बढ़ी है और अधिकृत कैडेट संख्या अब 1420 लाख तक पहुँच चुकी है। हालांकि यह संख्या अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है, फिर भी यह देश के भर्ती योग्य विद्यार्थियों की संख्या का लगभग केवल 3.5 प्रतिशत ही है। एनसीसी की 814 इकाइयों का जाल 4829 कॉलेजों और 12545 विद्यालयों द्वारा संपूर्ण भारत में फैला हुआ है।

एनसीसी को अंतर्सेवा छवि तब प्राप्त हुई जब 1950 में इसमें वायु स्कंध और 1952 में नौसेना स्कंध को भी जोड़ा गया। स्कूल के विद्यार्थियों (कनिष्ठ वर्ग) को प्राथमिक सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता था जबकि कॉलेज के विद्यार्थियों (वरिष्ठ वर्ग) को सशस्त्र सेना के संभावित अधिकारी के रूप में प्रशिक्षित किया जाता था। इस प्रयोजन हेतु आर्मर्ड कोर, आर्टिलरी, इजीनियर्स, सिग्नल्स, इफैंटरी और मेडिकल कोर की इकाइयों की स्थापना एनसीसी में की गई।

1960 तक, संपूर्ण भारत के स्कूल–कॉलेजों में एनसीसी की इकाइयों की माँग बहुत बढ़ गई थी। इस बढ़ती हुई माँग को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर राइफल्स (NCCR) की स्थापना की गई। 1962 के चीन के आक्रमण के बाद संपूर्ण देश में एनसीसी को अनिवार्य बना देने की माँग उठी। फलस्वरूप 1963 में कॉलेज के प्रथम तीन वर्षों में 16 से 25 वर्ष की आयु के सभी सक्षम शरीर वाले युवाओं के लिए एनसीसी प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया।

1986 में भारत सरकार ने थपन समिति को एनसीसी के लक्ष्यों और उद्देश्यों के संदर्भ में इसके कामकाज का पुर्नमूल्यांकन करने के आदेश दिये। लेफ्टिनेंटे जनरल (रिटायर्ड) एम. एल. थपन (PVC) की अध्यक्षता वाली इस समिति ने अपनी रिपोर्ट जून, 1988 में पेश की। थपन समिति के सुझावों के अनुरूप सरकार ने 1992 में एनसीसी के लक्ष्यों को संशोधित रूप में अनुमोदित किया। जो निम्नवत है–

(i) देश के युवाओं में चरित्र, साहस, भाई–चारे, अनुशासन, नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहसिक अभियानो, खेल भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों एवं गुणों का विकास करना जिससे कि वे उपयोगी नागरिक बन सकें।

(ii) संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं के एक मानव संसाधन का निर्माण करना जो कि सशस्त्र बलों के साथ.साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर सके और हमेशा देश की सेवा के लिए तत्पर रहें।

रक्षा मंत्रालय द्वारा मार्च 2001 में अनुमोदित किये गए एनसीसी के लक्ष्य इस प्रकार है (1) देश के युवाओं के चरित्र भाई–चारे अनुशासन, नेतृत्व धर्म–निरपेक्षता के दृष्टिकोण साहसिक अभियानों में रुचि खेल भावना और निःस्वार्थ सेवा भाव को विकसित करना।

(iii) संगठित प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं के एक मानव संसाधन का निर्माण करना जो जीवन के सभी क्षेत्र नेतृत्व प्रदान कर सके और देशसेवा के लिए तत्पर रहें।

(a) सशस्त्र बलों में अपना कैरियर शुरू करने के लिए युवाओं को प्रेरित करने के से तैयार करना।

एनसीसी का आदर्श वाक्य (Motto)

एकता और अनुशासन (Unity and Discipline)

महानिदेशक के चार आधारभूत सिद्धांत :

1. मुस्कान के साथ आज्ञापालन करो
2. समयनिष्ठ रहो
3. निःसंकोच कठिन परिश्रम करो
4. बहाने मत बनाओ और झूठ मत बोलो

एनसीसी के वर्तमान लक्ष्य :

1. देश के युवाओं के चरित्र, भाई–चारे, अनुशासन, नेतृत्व, धर्म–निरपेक्षता के दृष्टिकोण, साहसिक अभियान में रूचि खेल भावना और निःस्वार्थ सेवा भाव को विकसित करना।
2. संगठित प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं के एक मानव संसाधन का निर्माण करना जो जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर सके और हमेशा देश सेवा के लिए समर्पित रहें।

शपथ : ''मैं सत्यनिष्ठा से लेता/लेती हूँ कि पूरी सच्चाई और श्रद्धा से अपनी मातृभूमि की सेवा करूँगा/करूँगी और एनसीसी के सभी नियमों और अधिनियमों का पालन करूगाँ/करूँगी। इसके अलावा, अपने कमांडिंग ऑफिसर के आदेश और नियंत्रण के अनुसार प्रत्येक परेड और कैम्प में पूरी शक्ति के साथ हिस्सा लूंगा/लूंगी।''

प्रतिज्ञा : हम राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट बडे सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करते हैं कि हमेशा भारत की एकता को बनाए रखेंगे। हम संकल्प करते हैं कि हम भारत के अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनेगे। हम अपने साथी जीवों के हित में निःस्वार्थ भाव से सामुदायिक सेवा करेंगे।

एड्स दिवस (व्याख्यान कार्यक्रम)

उदय नाथ इकाई

विद्यार्थियों को एड्स के विषय में जानकारी देते डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव

दिनांकः **01 दिसम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में 'एड्स दिवस' कार्यक्रम संयोजित किया गया। विषय वक्ता के रूप में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के सहायक आचार्य डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा की एड्स के प्रति सजग रहे, रोगी को धिक्कार नही प्यार दें, जिससे पीड़ित व्यक्ति को जीने का अधिकार मिल सके और समाज उसे स्वीकार कर सके। एचआईवी जानलेवा इन्फेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है। इन्फेक्शन से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिससे व्यक्ति सामान्य बीमारियों से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाता। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम 'लेट्स कम्यूनिटी लीड' है। राष्ट्रीय सेवा योजना के उदय नाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा की एड्स पीड़ित व्यक्ति और परिवार के प्रति समाज का दायित्व है कि सकारात्मक सोच से उसे जीने के लिए प्रेरित करें साथ ही समाज में जानकारी के अभाव में हो रहे एड्स के प्रवाह के प्रति अकादमिक स्तर पर भी बातचीत का मंथन होना चाहिए।

संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के छात्र नीरज पासवान ने कहा कि एड्स विषय पर हमें अपने विचार और भाव को बदलना चाहिए। जिससे समाज में फैली भ्रांति के प्रति सहज होकर एड्स पीड़ित के प्रति सकारात्मक दृष्टि रखे। माइक्रोबॉयोलॉजी की छात्रा निधि गुप्ता ने कहा कि एड्स से 2020 के आंकड़े का उल्लेख करते हुए कहा कि 37.7 मिलियन लोग एड्स के साथ जी रहे है उनके प्रति समाज का दायित्व है कि उन्हें स्कारात्मक दृष्टि भाव व्यवहार रखें।

बॉयोटेक्नोलॉजी की छात्रा सौम्या सिंह ने एड्स के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करते हुए इसके बचाव और प्रसार के प्रति छात्र–छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रेया सिंह, नंदनी मोदनवाल, अनमोल पांडेय, अमित पाठक ने अपने विचार रखा। शिवानी यादव, स्वेता गिरी, सलोनी गुप्ता, अर्चिता गुप्ता, आदित्य विश्वकर्मा, दुर्गेश नंदिनी साहनी, खुशी मद्धेशिया, रूबी, प्रिया तिवारी ने सभी को जागरूक किया। आयोजन में प्रमुख रूप से संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुनील सिंह, डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. पवन कनौजिया, डॉ. अखिलेश दूबे श्री अनील मिश्रा उपस्थिति रहें।

विश्व एड्स दिवस

महायोगी मत्स्येंद्रनाथ इकाई

दिनांकः **01 दिसम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की महायोगी मत्स्येंद्रनाथ इकाई के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर आयुर्वेद संकाय में व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ. शंकर दयाल उपाध्याय ने छात्रों के मध्य जागरूकता एवं एड्स के लक्षण, परिक्षण, चिकित्सा एवं बचाव हेतु किए जाने वाले आवश्यक उपायों के बारे में जानकारी दीं

इस अवसर पर वरिष्ठ सहप्राध्यापक डॉ. विनम्र शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में चिकित्सीय कार्य के दौरान असावधानीवश एड्स जैसी बीमारियों के संक्रमण व इससे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों को एड्स के विषय में जानकारी देते डॉ. शंकर दयाल उपाध्याय

इस अवसर पर आयुर्वेद संकाय के छात्र रंजीत गुप्ता ईश्वर चंद्र गुप्ता, आशीष चौधरी, जाहन्वी गहलोत, मानसी राय आदि द्वारा ज्ञानवर्धक भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजुनाथ एन.एस. समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

विश्व एड्स दिवस

महायोगी महायोगी संतोषनाथ

दिनांकः **01 दिसम्बर, 2023** को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी संतोषनाथ द्वारा विश्व एड्स दिवस के अंतर्गत शपथ ग्रहण कराया गया, जिसमें पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर शपथ ग्रहण कराया गया व सूचना पट्ट पर एड्स से संबंधित सूचनात्मक जानकारियां चस्पा की गयी।

विश्व एड्स दिवस पर एड्स के प्रति जागरूकता का शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी

कार्यक्रम में पैरामेडिकल विभाग के शिक्षक श्री सोनू कुमार ने छात्र एवं छात्राओं को शपथ दिलाया कि वे शपथ लेते है कि एचआईवी के बारे में अधिक सीखकर और उस ज्ञान को दूसरों के साथ साझा कर एचआईवी कलंक को रोकने की प्रतिज्ञा करता/करती हू। यदि हम सभी अपना योगदान दें, तो हम एक साथ एचआईवी को रोक सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन महायोगी सन्तोषनाथ ईकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता ने किया

विश्व एड्स दिवस

गुरू श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान प्रस्तुत करतीं श्रीमती ममता रावत जी

दिनांकः **01 दिसम्बर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरू श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एड्स दिवस के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अतिथि वक्ता श्रीमती ममता रावत सहायक प्रोफेसर द्वारा बताया गया जिसमें उन्होंने 'समुदायों को नेतृत्व करने दें, विश्व एड्स डे 2023' थीम के बारे में बताया। ये थीम एड्स की रोकथाम में समाज की अहम भूमिका के बारे में लोगो को जागरूक करने के लिए चुना गया साथ ही एड्स के बचाव में समाज की ओर से दिए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना के लिए भी इस थीम को चुना गया है

इस समारोह का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्रा और शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का आयोजन गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की एसएन, इंचार्ज मिस स्वेता अल्बर्ट और मिस नैंसी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

विश्वविद्यालय राष्ट्रीय कैडेट कोर 101 यू.पी. बटालियन

एन.सी.सी. कैडेट्स : प्रदर्शन

संस्थापक सप्ताह समारोह

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना दिवस पर एनसीसी कैडट्स की सलामी लेते हुए मुख्य अतिथि डॉ. वी. के. सिंह जी

दिनांक : 04 दिसंबर, 2023 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना भारतीय समाज में उत्कृष्ट शिक्षा, सेवा राष्ट्र प्रेम एवं सामाजिक परिवर्तन के उद्देश्यों को लेकर युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने 1932 ई. में की थी। आज यह शैक्षिक पुर्नजागरण की संस्था एक विराट वृक्ष की भाँति अपने छाँव में 50 से अधिक शिक्षण प्रशिक्षण एवं चिकित्सा की संस्थाओं को संचालित कर रही है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद नव भारत निर्माण व राष्ट्र के लिए समर्थ युवा पीढ़ी के सृजन एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा ।

उक्त बातें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सेना के पूर्व थल सेनाध्यक्ष, (पीवीएसएमए, वीएसएमए वाईएसएम) (अ.प्रा.) एवं माननीय राज्यमंत्रीए केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग, भारत सरकार, नई दिल्ली जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह जी ने कही। आगे उन्होंने यह भी कहा कि यहां के विद्यार्थी विकसित भारत के कर्णधार हैं। हम सभी को निरन्तर यह प्रयत्न करते रहना चाहिए कि विद्यार्थी देश व समाज के विकास में एक प्रबल स्तम्भ साबित हों। इस शिक्षण संस्थान के कुलगीत तथा हिन्दुआसूर्य महाराणा प्रताप जी के व्यक्तित्व से हम सभी को यह सीख मिलती है कि बाधाएं कितना भी कठिन हो उससे घबड़ाकर कभी पीछे न हटें, बल्कि डटकर के सामना करें। साथ ही जीवन की विभिन्न चुनौतियां, पारिवारिक समस्याओं, समाज व राष्ट्र की समस्याओं के समाधान के लिए निरन्तर लगे रहें। वस्तुतः किसी समाज और राष्ट्र का उत्थान और प्रगतिशीलता वहां की जनता, विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षण संस्थानों के उत्कृष्ट चिन्तन और वैचारिकी से होती है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समाज व राष्ट्र के बेहतर विकास में मील का पत्थर है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद भारतीय समाज के शैक्षिक विकास की धुरी है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की रक्षा का संकल्प, मातृभूमि के प्रति समर्पण और त्याग, माता–पिता तथा गुरू के प्रति श्रद्धावनत् रहने का भाव सहित भारतीय सांस्कृतिक ज्ञान के साथ नैतिकता एवं मानक मूल्य पढ़ाया जाना राष्ट्रसेवा का एक अभिनव प्रयास है। नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्यवन में भी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की भूमिका सराहनीय है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, पूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन हमारे लिए अनुशासन का पर्व है। अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा इस आयोजन का प्राण है। जनरल वी.के. सिंह निश्चित ही विद्यार्थियों के लिए प्रेरणापुंज हैं। वस्तुतः व्यक्ति को कथनी और करनी के समन्वय की साथ बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकता है। महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना इसलिए की थी कि शिक्षा के माध्यम से भारतीय समाज को और भी सशक्त बनाया जा सके। आज यह शिक्षा परिषद शिक्षा और समाज के आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी संस्कृति और आदर्शों के साथ ज्ञान और विज्ञान

के क्षेत्र में निरन्तर कार्य कर रही है। इसकी भूमिका सदैव समाज को मार्गदर्शन देती रहेगी ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि अमृत काल में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के पंच प्रण से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि देश के 142 करोड़ जनसंख्या के साथ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के प्रत्येक शिक्षक, विद्यार्थी उनके परिवार को जुड़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भारत के नव निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चत करना चाहिए। आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। वास्तव में भारत की सम्पूर्ण आबादी पंचप्रण के लक्ष्यों के साथ जुड़ जाय तो, भारत विश्व के शीर्ष स्थिति पर सदैव बना रहेगा। हम भावी पीढ़ी को अनुशासन एवं शील का पाठ पढ़ाते रहेंगे तथा उनमें भारतीय संस्कृति की ज्ञान धारा प्रवाहित करते रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह जी ने शोभायात्रा के शुभारम्भ की घोषणा की। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रो. यू. पी. सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इसी क्रम में एन. सी. कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

समारोह का मुख्य आकर्षण शोभा यात्रा, राष्ट्रगीत के साथ प्रारम्भ हुई। शोभा यात्रा में अलग–अलग सस्थाओं की छात्र–छात्राएं अपने गणवेश में, राष्ट्रगीतों की धुन पर बजते बैंड, विविध झांकियाँ आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभा यात्रा में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय अरोग्यधाम बालापार के 102 यूपी बटालियन की प्रथम यूनिट के परेड की सलामी लेते हुए केंद्रीय मंत्री जनरल वी. के. सिंह ने कैडेट्स को राष्ट्र सेवा के प्रति संकल्पित किया। शोभा यात्रा में एन.सी.सी. परेड को देखकर कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपई जी ने प्रसन्नता व्यक्त कर कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। एनसीसी के सी. टी. ओ डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव और ए. एन. ओ. डॉ. हरी कृष्ण के नेतृत्व में कैडेट्स ने शोभायात्रा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया।

संस्थापक समारोह में महायोगी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, आयुर्वेद प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस., डॉ. डी .एस. अजीथा, अधिष्ठाता, डॉ. सुनील कुमार सिंह, अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे, डॉ. शशिकांत, डॉ. रोहित कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अमित दुबे, धनंजय पांडे, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव सहित समस्त प्राध्यापकों ने कैडेटस का उत्साहवर्धन किया। शोभायात्रा में कैडेट्स सागर जायसवाल, आदर्श मौर्या, आदित्य विश्वकर्मा, अमित कुमार चौधरी, अनुभव, आशुतोष मणि त्रिपाठी, भानु प्रताप सिंह, हरेश्व कुमार साहनी, कृष्णा त्रिपाठी, मोतीलाल, प्रियेश राम त्रिपाठी, सागर यादव, संदीप निषाद, शिवम सिंह, अभिषेक चौरसिया, आशुतोष सिंह, अमृता कन्नौजिया, अंशिका सिंह, अनुष्का गुप्ता, दक्षाबानो, गौरी कुशवाहा, जयश्री शर्मा, खुशी, खुशी गुप्ता, निधि साहनी, निकिता गौड, पूजा सिंह, ऋतु मौर्या, साक्षी प्रजापति, संजना शर्मा, शालनी चौहान, श्रद्धा उपाध्याय, आंचल पाठक, अस्मिता सिंह, चांदनी निषाद, प्रीति शर्मा ने परेड कर शोभा यात्रा में शामिल हुए। समारोह का संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह ने तथा आभार ज्ञापन महाराणा प्रताप प्रताप इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य, डॉ. अरूण कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, बालापार, गोरखपुर के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की माननीय कुलपति प्रो. पूनम टण्डन, ब्रिगेडियर डॉ. डी. सी. ठाकुर, माननीय सांसद, श्री रविकिशन शुक्ल, माननीय विधायक श्री बिपिन सिंह, श्री महेन्द्र पाल सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण श्री राजेश मोहन सरकार श्री धर्मेन्द्र सिंह, श्री प्रमोद कुमार चौधरी, श्री अनन्य प्रताप शाही, श्री ज्योति प्रकाश मस्करा, श्री रेवती रमण दास अग्रवाल, श्री प्रमथनाथ मिश्र, श्री राम जन्म सिंह, योगी कमलनाथ जी, महंत रविन्द्र दास जी, महंत सतुआ बाबा, शिक्षा परिषद के समस्त संस्थाध्यक्ष शिक्षक एवं विद्यार्थीगण के साथ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

सड़क सुरक्षा अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना

छात्र शिवम पाण्डेय

दिनांकः **12 दिसम्बर, 2023** को सड़क सुरक्षा अभियान गोरखपुर के परिक्षेत्र द्वारा सड़क जागरूकता के लिए आयोजित मंडल स्तर भाषण प्रतियोगिता में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शिवम पाण्डेय ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा आयोजित इस मण्डल स्तरी प्रतियोगिता में महराजगंज गोरखपुर कुशीनगर देवरिया के छात्रो ने दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सहजनवा में प्रतिभाग किया। शिवम ने अपनी इस जीत के लिए कुलपति जी, कुलसचिव महोदय, सड़क सुरक्षा अभियान के नोडल अधिकारी श्री धनंजय पांडे सम्बन्ध स्वास्थ विज्ञान संकाय डॉ. सुनील सिंह राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश दुबे और सभी शिक्षक को आभार ज्ञापित किया कि विश्वविद्यालय के द्वारा हम सभी को इस प्रकार के अवसर उपलब्ध कराये जाते है जिससे हम सभी इस उपलब्धियों को प्राप्त कर सकते है।

कम्बल वितरण

राष्ट्रीय सेवा योजना

जरूरतमंदो को कम्बल वितरित करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई साथ में एनएसएस की अधिकारीगण

दिनांक : 21 दिसंबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा बढ़ते ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए कम्बल वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई के द्वारा आस–पास के ज़रुरतमंदों को कम्बल प्रदान किया गया एवं सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ठण्ड से बचाव आवश्यक है। हम सभी को दृढ संकल्पित होना चाहिए कि हम हर ज़रुरतमंदों की मदद करें। हमारा विश्वविद्यालय सामाजिक मूल्यों एवं समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समंवयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकाश यादव एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

विकसित भारत @2047 : पोस्टर प्रतियोगिता

महंत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज

दिनांक : 22 दिसंबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत /2047 योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यकम की अध्यक्षता श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य, महंत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज ने की। स्पर्धा के मूल्यांकन का दायित्व श्री श्रीकांत, डिप्टी रजिस्ट्रार, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, डॉ. शशिकांत सिंह, प्राचार्य, औषधि संकाय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय एवं श्री अभिनव सिंह राठौड़, असिस्टेंट प्रोफेसर, महंत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल संकाय पर रहा। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में समस्त पैरामेडिकल के शिक्षकों ने विशेष भूमिका निभाई।

पोस्टर प्रस्तुति देतीं हुई पैरामेडिकल की छात्रा

विकसित भारत @2047 : पोस्टर प्रतियोगिता

महंत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज

विद्यार्थियों को विकसित भारत @ 2047 योजना की जानकारी देते श्री शुभम कुमार मौर्य

दिनांक : 25 दिसंबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति महोदय सेवानिवृत जनरल डॉ. अतुल बाजपेई जी की अध्यक्षता और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव जी के मार्गदर्शन में भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत /2047 योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को अपने रचनात्मक विचारों को प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सभी विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें।

मतदाता पहचान पत्र : प्रशिक्षण शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना

विद्यार्थियों को ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रशिक्षण देते शिक्षकगण

दिनांक : 29 दिसंबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के गुरु श्री गोरक्ष नाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई, कुलसचिव, डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा जी के कुशल नेतृत्व में नर्सिंग के विद्यार्थियों का ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण कराया गया।

प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा जी युवा विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि समृद्ध लोकतंत्र के लिए शत–प्रतिशत मतदाता का एक वोट बहुमूल्य होता है। वोट की शक्ति को पहचाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय द्वारा संकल्पित शत–प्रतिशत मतदाता पंजीकरण का अभियान अद्भुत है। इससे राष्ट्र संकल्प में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी । विश्वविद्यालय के निर्वाचक नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा की भारत सरकार निर्वाचक आयोगदेश भर के सभी मतदान क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु ग्रहण कर चुके सभी पात्र मतदाताओं की पहचान कराके वोट प्रतिशत दर में वृद्धि के लक्ष्य की ओर संकल्पित है ।

भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है।

ऑनलाइन मतदाता शिविर उत प्राचार्य डॉ. डी. एस. अजीथा, उपप्राचार्या श्रीमती प्रिंसी जार्ज, पी. आर. लीगो सिंशी, सोमा दास, शिवम प्रजापति, श्री प्रभु, सुश्री स्वेता अलबर्ट, अक्षय अलबर्ट, प्रिया सिंह, नैंसी, कविता साहनी, सुश्री ममता, श्रीमती संगीता जी ने नर्सिंग स्टॉफ विद्यार्थियों का ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण करने में सहयोग किया।

ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण शिविर में मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, निर्वाचक योद्धा शिवम पांडे, निलेश यादव, आदित्य प्रियदर्शी ने विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित कर शत–प्रतिशत मतदाता बनने में सहयोग किया।

साहसिक कार्यक्रम शिविर-हिमांचल प्रदेश

राष्ट्रीय सेवा योजना

दिनांक : 30 दिसंबर, 2023 को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय क्षेत्रीय निदेशालय, (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) द्वारा अटल बिहारी बाजपेई पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान पोंगडेम हिमांचल प्रदेश में दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 साहसिक कार्यक्रम शिविर 2024 (चौथा दल) में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के दल का चयन किया गया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय से कुल 5 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है जिसमें सुशांत सिंह, प्रिंस प्रशांत गुप्ता, शुभंकर वत्स, खुशी वर्मा, नित्या सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडे साहसिक कार्यक्रम शिविर 2024 (हिमाचल प्रदेश) में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस शिविर में विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य और उद्देश्य से समृद्ध होकर विश्वविद्यालय एवं समाज की गतिविधियों को संचालित करने में सहयोग करेंगे।

साहसिक शिविर दल ने 30 जनवरी 2023 को गोरखपुर से हिमाचल प्रदेश के लिए प्रस्थान किया। दल के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एन. एस. मंजूनाथ जी ने कहा

साहसिक शिविर में प्रतिभाग करने हेतु रवाना होते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

की सशक्त राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साहसिक शिविर से स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को तैयार रखने में मार्ग प्रशस्त करेगा । साहसिक शिविर दल को कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव सहित सभी प्राचार्य, अधिष्ठता एवं शिक्षकों ने शुभकामना दी।

मतदाता पंजीकरण विवरण

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

दिनांक : 31 दिसंबर, 2023। लोकतंत्र के महायज्ञ को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने बड़ी पहल की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी (18 वर्ष से ऊपर के) हेतु मतदाता बनना अनिवार्य किया है। विवि प्रशासन द्वारा यह अनिवार्यता लागू किए जाने के बाद 15 से 30 दिसम्बर के बीच विश्वविद्यालय में 1761 नए मतदाता बने हैं। इनमें से 1300 से अधिक मतदाता 2022 या 2023 में 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले विद्यार्थी हैं।

